# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:-registrar.rmpu @gmail.com


पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0/1130/2026 दिनांक 23.जुलाई, 2026

## विज्ञापन

राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकगण से सादे कागज पर आवेदन–पत्र समस्त प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति सहित उचित माध्यम से आमंत्रित किये जाते है।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अशंकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु निम्नलिखित अर्हतायें निर्धारित हैः–

1. उसे विश्वविद्यालय या सम्बद्ध कालेज में रीडर/प्रवक्ता (चयन वेतनमान)/प्रवक्ता (वरिष्ठ वेतनमान) पद पर कार्यरत होना चाहिए।
2. सम्बद्ध कालेजों के प्रधानाचार्य जिन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना की पृष्ठभूमि तथा सह आचार्य का दर्जा प्राप्त हो को भी समन्वयक की नियुक्ति के लिए विचार किया जा सकता है।
3. यह राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम अधिकारी के पद पर न्यूनतम तीन वर्ष तक रहे है।
4. उन्हें प्रशिक्षण तथा अभिविन्यास केन्द्र/प्रशिक्षण अभिविन्यास केन्द्र से राष्ट्रीय सेवा योजना पर अभिविन्यास किया होना चाहिए।
5. कार्यक्रम समन्वयक के चयन के समय उन्हें पचास वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए।

आवेदन दिनांक 24.07.2026 से आमंत्रित किये जाते है, आवेदन रजिस्टर्ड डाक से कुलसचिव कार्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ को दिनांक 07.08.2026 तक निश्चित रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। नियत तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे।

23.7.26

प्रबुद्ध सिंह
(कुलसचिव)

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग, लखनऊ।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकगण के मध्य प्रसारित करा दें, जिससे कि इच्छुक शिक्षकगण निर्धारित तिथि के अन्दर आवेदन विश्वविद्यालय को प्रेषित कर सकें।
3. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव, मा0 कुलपति जी, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. गार्ड फाईल ।

(कुलसचिव)